# शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, माधवपुरम, मेरठ

## राष्ट्रीय सेवा योजना

( द्वितीय इकाई)

# वार्षिक आख्या

(सत्र 2022- 23)

कार्यक्रम संरक्षक

प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह

कार्यक्रम अधिकारी

डॉ० पूनम भंडारी

Scanned with OKEN Scanner

# शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, माधवपुरम, मेरठ

## राष्ट्रीय सेवा योजना

## ( द्वितीय इकाई)

# वार्षिक आख्या

# (सत्र 2022- 23)

समग्र शिक्षा के भाव को आत्मसात करते हुए, छात्र परक शिक्षण को प्रधानता देते हुए, छात्राओं के बहुमुखी चरित्र निर्माण की अवधारणा की लक्ष्य प्राप्ति हेतु महाविद्यालय

Scanned with OKEN Scanner

सदैव कृत संकल्पित व प्रयासरत रहता है। इसके दृष्टिगत महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो०(डॉ०) अंजू सिंह जी के निर्देशन व कार्यक्रम अधिकारी डॉ० पूनम भंडारी के संयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई संचालित है। शासन की मंशानुरूप स्वयंसेविकाएं सत्र भर सेवा व जागरूकता क्रियाकलापों में सक्रिय रूप से भागीदार रही है।

7 जुलाई, 2022 को इकाई समिति के सदस्यों व स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह जी के निर्देशन व कार्यक्रम अधिकारी के संयोजन में वृहद स्तर पर स्थानीय क्षेत्र, कम्युनिटी पार्क, माधवपुरम, सेक्टर- 02 में वृक्षारोपण किया किया, जिसमें स्वयं सेविकाओं ने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर फलदार, छायादार वृक्षों का रोपण किया।


































# वृक्षारोपण

Scanned with OKEN Scanner

दिनांक 11 अगस्त, 2022 से 17 अगस्त, 2022 तक आजादी सप्ताह व हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना, द्वितीय इकाई समिति सदस्यों व स्वयं सेविकाओं ने प्रभातफेरी व चौराहा सौंदर्यीकरण कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।











Scanned with OKEN Scanner







# घर-घर तिरंगा अभियान

Scanned with OKEN Scanner

दिनांक 24 सितंबर, 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना, द्वितीय इकाई के तत्वाधान में स्वयं सेविकाओं हेतु स्थानीय एनजीओ, गूंज सेवा समिति के सहयोग से "सिंगल यूज प्लास्टिक" के इस्तेमाल से होने वाली स्वास्थ्य व पर्यावरण संबंधी हानियों के बारे में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने "सिंगल यूज़ प्लास्टिक" के बहिष्कार की शपथ ग्रहण की। उक्त कार्यक्रम में नगर निगम की ओर से महाविद्यालय में उपस्थित अधिकारियों ने स्वयं सेविकाओं को "सिंगल यूज प्लास्टिक" से होने वाली हानियों की व उसके निवारण की उचित निपटान की विस्तृत जानकारियां दी। अंत में समस्त ने रा०से ०यो० के लक्ष्य गीत का गायन किया।







"सिंगल यूज प्लास्टिक"

निषेध जागरुकता

सार्वजनिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता की ताकत को मजबूत करने व इस बात को बढ़ावा देने के लिए कौमी एकता सप्ताह या राष्ट्रीय एकता सप्ताह संपूर्ण भारतवर्ष में हर साल 19 नवंबर से 25 नवंबर तक मनाया जाता है। महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना, द्वितीय इकाई के द्वारा यह सप्ताह उत्साह पूर्वक मनाया गया जिसमें स्वयं सेविकाओं हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया यथा आशु भाषण, कौमी एकता शपथ ग्रहण, निबंध, सस्लोग व अतिथि व्याख्यान। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वयं सेविकाओं के द्वारा समाज में सद्भावना आपसी सौहार्द की भावना के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयत्न किया गया।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. जोया, एम.एस.सी., प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान कु. दुलारी शर्मा नम्रता, बी.एस.सी. प्रथम वर्ष व तृतीय स्थान कु. इशिका, बी.ए. प्रथम वर्ष को प्राप्त हुआ। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम ए, जिसमें कु. शीतल, अनामिका, एलिस, आंचल, मुस्कान

Scanned with OKEN Scanner

दिनांक 24 सितंबर, 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना, द्वितीय इकाई के तत्वाधान में स्वयं सेविकाओं हेतु स्थानीय एनजीओ, गूंज सेवा समिति के सहयोग से "सिंगल यूज प्लास्टिक" के इस्तेमाल से होने वाली स्वास्थ्य व पर्यावरण संबंधी हानियों के बारे में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने "सिंगल यूज़ प्लास्टिक" के बहिष्कार की शपथ ग्रहण की। उक्त कार्यक्रम में नगर निगम की ओर से महाविद्यालय में उपस्थित अधिकारियों ने स्वयं सेविकाओं को "सिंगल यूज प्लास्टिक" से होने वाली हानियों की व उसके निवारण की उचित निपटान की विस्तृत जानकारियां दी। अंत में समस्त ने रा०से०यो० के लक्ष्य गीत का गायन किया।







"सिंगल यूज प्लास्टिक"

निषेध जागरुकता

Scanned with OKEN Scanner







# घर-घर तिरंगा अभियान

Scanned with OKEN Scanner

प्रतिभागी थी, ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. रविता, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान कु. रिया, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान कु. अनामिका को प्राप्त हुआ ।














कौमी एकता सप्ताह प्रतियोगिताएं

Scanned with OKEN Scanner

24 नवंबर, 2022 को स्वयंसेविकाओं व महाविद्यालय छात्राओं की सामुदायिक स्वच्छता संबंधी जागरुकता हेतु नगर निगम की एक टीम राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय में आमंत्रित थी। उक्त टीम ने सर्वप्रथम स्वयं सेविकाओं को सामुदायिक स्वच्छता का महत्व बताया फिर एक मोबाइल ऐप के माध्यम से एक सर्वेक्षण का आयोजन किया, जिसमें छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कोमी एकता सप्ताह के अंतिम दिवस, समापन समारोह के उपलक्ष में स्थानीय एन.जी.ओ. पर्यावरण संरक्षण की टीम महाविद्यालय में उपस्थित रही, उन्होंने स्वयं सेविकाओं के बीच संवाद स्थापित कर पर्यावरण संरक्षण संबंधी जानकारियां प्रेषित की। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की कुश्ती खिलाड़ी सुश्री मनु तोमर महाविद्यालय में उपस्थित रही, उन्होंने अपने व्याख्यान में छात्राओं को स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए अपने खिलाड़ी जीवन से जुड़े संघर्षों के बारे में चर्चा की व

Scanned with OKEN Scanner

छात्राओं को जीवन में उच्च स्तर के लक्ष्य हासिल करने के प्रति प्रेरित किया।


















## कौमी एकता सप्ताह

Scanned with OKEN Scanner

दिनांक 23 जनवरी, 2023 को प्राचार्य प्रो०(डॉ०) अंजू सिंह जी के निर्देशन व कार्यक्रम अधिकारी के संयोजन में द्वितीय इकाई का प्रथम एक दिवसीय शिविर संपादित किया गया। शिविर में स्वयं सेविकाओं ने सर्वप्रथम लक्ष्य गीत का गायन किया तत्पश्चात श्रमदान कर राष्ट्रीय सेवा योजना कक्ष की साफ-सफाई की।















<u>सड़क सुरक्षा सप्ताह</u>

Scanned with OKEN Scanner

प्रथम एक दिवसीय शिविर के अवसर पर सड़क सुरक्षा संबंधी एक व्याख्यान का आयोजन स्वयं सेविकाओं की जागरूकता हेतु किया गया था, जिसमें महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. लता कुमार वक्ता के रूप में उपस्थित रही।



सड़क यातायात माह के दृष्टिगत स्वयं सेविकाओं ने मानव श्रृंखला बनाई, यातायात सुरक्षा संबंधी शपथ ग्रहण की व स्थानीय क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान स्वयं सेविकाओं ने स्थानीय लोगों को सड़क यातायात के

Scanned with OKEN Scanner

नियमों व सुरक्षा संबंधी जानकारियां दी अंत में समस्त सेविकाओं ने एक साथ बैठकर सूक्ष्म जलपान ग्रहण किया।

दिनांक 7 फरवरी, 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना, द्वितीय इकाई का द्वितीय, एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर हेतु महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अंजू सिंह जी के अवलोकन में स्वयं सेविकाओं व समिति सदस्य प्रो. मोनिका चौधरी, डॉ. डेजी वर्मा व कार्यक्रम अधिकारी के संयोजन में स्थानीय वृद्ध आश्रम में गए, वहां स्वयं सेविकाओं ने आश्रम निवासी वृद्ध जनों के मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी व स्वेच्छा से आश्रम में साफ-सफाई की। उन्होंने आश्रम निवासियों के साथ समय व्यतीत किया व वृद्ध जनों का आशीर्वाद ग्रहण किया। वृद्ध आश्रम में अपेक्षित एकाकी जीवन यापन कर रहे वृद्ध जनों की स्थिति की संवेदनशीलता को स्वयं सेविकाओं ने समझा व अपने अपने पारिवारिक स्तर पर ऐसी स्थिति किसी वृद्ध जन की ना होने पाए इस बात का संकल्प किया। अंत में

Scanned with OKEN Scanner

स्वयं सेविकाओं ने आश्रम निवासियों के साथ मिलकर सूक्ष्म जलपान किया।













Scanned with OKEN Scanner






## द्वितीय एक दिवसीय शिविर

राष्ट्रीय सेवा योजना, द्वितीय इकाई के तृतीय एक दिवसीय शिविर के उपलक्ष में दिनांक 25 फरवरी, 2023 को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अंजू सिंह जी के नेतृत्व व कार्यक्रम अधिकारी के संयोजन में महाविद्यालय में स्वयं सेविकाओं व अन्य सभी छात्राओं हेतु एक नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गूंज सेवा समिति के सौजन्य से चिकित्सकों की टीम महाविद्यालय में उपस्थित रहे शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापक व कर्मचारी वर्ग

Scanned with OKEN Scanner

के साथ-साथ बड़ी तादाद में छात्राओं व स्वयं सेविकाओं ने अपने नेत्रों की जांच करवाई व चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। स्वयंसेविकाए अपने साथ-साथ अपने परिवार जनों को भी परीक्षण हेतु साथ में लाई थी।




नेत्र जांच व परामर्श शिविर

दिनांक 14 मार्च, 2023 से 20 मार्च, 2023 तक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना, द्वितीय इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, नूर नगर में लगाया गया। सातों ही दिवसों में स्वयंसेविकाए स्थानीय समाज के लोगों के साथ रही, उनके साथ रहकर विभिन्न गतिविधियों को संपादित किया तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, डिजिटलाइजेशन के प्रति जागरूकता इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में छात्राओं के लिए विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर व्याख्यान आयोजित करवाए गए। उद्घाटन सत्र में स्थानीय नेत्री व महाविद्यालय प्राचार्य मुख्य अतिथि व विशेष अतिथि के रुप में शिविर में उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी ने समस्त का स्वागत किया, स्वयं सेविकाओं ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की तत्पश्चात अतिथियों के अतिथियों ने स्वयं सेविकाओं को आगामी दिवसों के लिए शुभकामनाएं व आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा इस तरह के कार्यक्रम विशिष्ट होते हैं, क्योंकि यह हमें जाति

भेदभाव, रंगभेद से ऊपर उठकर वसुधैव कुटुंबकम की ओर अग्रसर होने को प्रेरित करते हैं।

शिविर के द्वितीय दिवस में बौद्धिक सत्र में औषधीय पौधे विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री. डी. के. पाल प्रधानाचार्य, अहिल्याबाई इंटर कॉलेज, लिसाड़ी शिविर में उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को विभिन्न औषधीय पौधों द्वारा उपचार के बारे में बताया व प्राकृतिक चिकित्सा के गुणों को विस्तार से बताया।

शिविर के तृतीय दिवस में स्वयं सेविकाओं ने स्थानीय क्षेत्र में सर्वे किया जिसका प्रमुख उद्देश्य क्षेत्र में बालिका शिक्षा का स्तर महिलाओं में डिजिटल ज्ञान का स्तर का पता लगाना रहा।

शिविर के चौथे दिवस में स्वयं सेविकाओं ने स्थानीय क्षेत्र में गेरू से विभिन्न प्रासंगिक विषयों नारे लिखे जैसे स्वच्छता, मताधिकार, वसुधैव कुटुंबकम इत्यादि।

Scanned with OKEN Scanner

शिविर के पांचवें दिवस में गूंज सेवा समिति के सौजन्य से स्वयं सेविकाओं व स्थानीय लोगों में लोगों के लाभ हेतु दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भारी मात्रा में स्वयं सेविकाओं ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर के छठे दिवस में छात्राओं हेतु रंगोली प्रतियोगिता व परिचर्चा का आयोजन किया गया। रंगोली के माध्यम से स्वयं सेविकाओं ने अंधविश्वास, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, अमृत महोत्सव इत्यादि के विषयों को अभिव्यक्ति दी। तत्पश्चात महिला सुरक्षा के विभिन्न मुद्दे विषय पर छात्राओं ने परिचर्चा की जिसमें उन्होंने उत्साह पूर्ण महिला सुरक्षा से संबंधित अपने व्यक्तिगत अनुभव को आवाज दी। शिविर के अंतिम दिवस में समापन सत्र में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अंजू सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिविर स्थल पर उपस्थित रहे। अंतिम दिवस में स्वयं सेविकाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी । अपने उद्बोधन में प्राचार्य महोदय ने समस्त को विशेष शिविर समापन की बधाई दी और इस बात पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार

सामुदायिक जीवन यापन, आपसी भाईचारा आज के समाज की आवश्यकता है, जिससे कि सामाजिक ताना-बाना बना रह सके। शिविर के समस्त दिवसों में सभी समिति सदस्यों व स्वयं सेविकाओं ने सहभोज किया।































सप्त दिवसीय विशेष शिविर

Scanned with OKEN Scanner

# राष्ट्रीय सेवा योजना..... अखबारों में

Back PAGE 13 Dainik bhaskar...

हुआ था। मुकदमा न्यायालय में जांच कर कारवाई की जाएगी।

## रैली निकालकर स्वयंसेविकाओं ने लोगों को किया जागरूक



भास्कर ब्यूरो, मेरठ। देवी अहिल्या बाई इंटर कालेज ... सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन ... जागरूकता रैली निकाली गई। ... सड़क सुरक्षा जागरूकता ... अंधविश्वास, आजादी का अमृत महोत्सव ... बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि पर रंगोली के माध्यम से ... शिविर के द्वितीय सत्र में महिला ... की गई। महाविद्यालय प्राचार्य ने छात्राओं द्वारा बनाई ... शिविर का संचालन एवं संयोजन प्रो. स्वर्ण लता कदम एवं डॉ. पूनम भंडारी ने किया।

NATIONAL HINDI DAILY NEWS PAPER

दैनिक शाह बुलेटिन

17 march 2023



शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य

मेरठ की आवाज



NATIONAL HINDI DAILY NEWS PAPER

दैनिक शाह बुलेटिन

14 march 2023



12:00 am

MEERUT NEWS 24 LIVE

LIVE BREAKING NEWS





## छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व बताया



शहीद मंगल पांडे पीजी कॉलेज में आयोजित शिविर में मौजूद छात्राएं। संवाद

मेरठ। शहीद मंगल पांडे महिला पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम व द्वितीय इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर देवी अहिल्या बाई इंटर कालेज लिसाड़ी में आयोजित हुआ।

शुभारंभ मुख्य अतिथि लिसाड़ी के पार्षद धर्मवीर सिंह व उनकी माता दिनेश देवी, विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य डॉ. डीके पाल और प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वयंसेविकाओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व लक्ष्यगीत की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि धर्मवीर सिंह रहे।

विशिष्ट अतिथि डॉ. डीके सिंह ने छात्राओं को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. स्वर्ण लता कदम ने राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व बताया। स्वयंसेविकाओं ने लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया। संचालन डॉ. पूनम भंडारी ने किया। संवाद

Back PAGE 13 Dainik bhaskar...

## सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक



भास्कर ब्यूरो, मेरठ। देवी अहिल्या बाई इंटर कालेज लिसाड़ी में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एवं द्वितीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. स्वर्ण लता कदम एवं डा. पूनम भंडारी के निर्देशन में ग्राम लिसाड़ी और नूरनगर के लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी यातायात के चिह्न दिखाकर प्रदान की गई। स्वयं सेविकाओं ने दुर्घटना से बचने के लिए सरकार द्वारा जारी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन हमें अवश्य करना चाहिए इसके लिए जागरूक किया।

Meerut city | My City | 16

my city

न्यूज कैप्सूल

## नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई

मेरठ। शहीद मंगल पांडे महिला पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम व द्वितीय इकाई के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन देवी अहिल्या बाई इंटर कालेज, लिसाड़ी में लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। स्वयंसेविकाओं ने सभी को नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। शिविर प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. स्वर्ण लता कदम व डॉ. पूनम भंडारी के निर्देशन में हुआ। संवाद

Back PAGE 13 Dainik bhaskar...

## लिसाड़ी में किया दंत चिकित्सा शिविर आयोजित



भास्कर ब्यूरो, मेरठ। देवी अहिल्या बाई इंटर कालेज लिसाड़ी में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयं सेविकाओं द्वारा शिविर स्थल की साफ सफाई की गई, योगासन के बाद गूंज सेवा समिति की ओर से दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. प्रेमलता अग्रवाल ने स्वयं सेविकाओं, विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं लिसाड़ी व नूरनगर के लोगों के दांतों का चेकअप किया। छात्राओं द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका उद्देश्य लोगों को संक्रमण रोगों से बचाव एवं स्वास्थ्य जागरूकता रहा। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. डीके पाल, ... का सहयोग रहा। शिविर का संचालन एवं संयोजन प्रो. स्वर्ण लता कदम एवं डॉ. पूनम भंडारी ने किया।

Scanned with OKEN Scanner

सत्र भर उपरोक्त सभी आयोजित कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अंजू सिंह व समिति के समस्त सदस्यों के मार्गदर्शन, उत्साही प्रतिभागिता के बगैर कदापि संभव नहीं थी। समस्त संयोजन में डॉ. मोनिका चौधरी, डॉ. डेजी वर्मा, डॉ. राकेश कुमार ढल, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ. आवेश कुमार, डॉ. ज्योति चौधरी, डॉ. अमर ज्योति की सहमति, सहयोग व उत्साह साधुवाद का पात्र है। राष्ट्रीय सेवा योजना, द्वितीय इकाई समस्त सदस्यों सहित सदैव छात्र हित, समाज हित के प्रति कृत संकल्पित है और आगामी सत्र में और भी अधिक सुंदर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

शुभेच्छा सहित

कार्यक्रम अधिकारी

डॉ. पूनम भंडारी

Scanned with OKEN Scanner